## ।। महानिदेशालय कारागार राजस्थान, जयपुर ।।

क्रमांकः स्था./एच.ओ./2/प्रहरी भर्ती/2018/ 53175 दिनांक 11-01-2019

## संशोधित विज्ञप्ति

## (प्रहरी के पद पर खेल कोटे के अन्तर्गत सीधी भर्ती)

महानिदेशालय कारागार राजस्थान, जयपुर द्वारा प्रहरियों के 670 रिक्त पदो पर भर्ती हेतु जारी विज्ञप्ति क्रमांक स्था/एच.ओ./2/प्रहरी भर्ती/2018/ 23955 दिनांक 20.07.2018 में राजस्थान राज्य के उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए मण्डलवार विज्ञापित पदों में 2% पदों की विज्ञप्ति पृथक से जारी करने हेतु लिखा गया था और उसी के अनुक्रम में इस कार्यालय की विज्ञप्ति क्रमांक स्था./एच.ओ./2/प्रहरी भर्ती/2018/ 30072 दिनांक 14.08.2018 के द्वारा उत्कृष्ट खिलाड़ियों हेतु मण्डलवार रिक्तियों के अनुसार 8 पदो पर भर्ती हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित की गई थी।

कार्मिक (क-ग्रुप-II) विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर की अधिसूचना क्रमांक एफ.5(31)डीओपी/ए-II/84 दिनांक 15.03.2013 में प्रावधान है कि उत्कृष्ट खिलाड़ियों हेतु कुल रिक्तियों का 2% आरक्षण रहेगा।

अतः कार्मिक (क-2) विभाग राजस्थान सरकार, जयपुर की अधिसूचना क्रमांक एफ.5(31)डीओपी/ए-II/84 दिनांक 15.03.2013 के प्रावधानानुसार इस कार्यालय की विज्ञप्ति दिनांक 14.08.2018 द्वारा मण्डलवार रिक्तियों के आधार पर खेल कोटे के तहत् भर्ती हेतु विज्ञापित 8 पदों पर भर्ती के स्थान पर कुल रिक्तियों के 2% के आधार पर राज्य स्तर पर खेल कोटे के तहत् उत्कृष्ट खिलाड़ियों की भर्ती हेतु 13 पद निर्धारित कर विज्ञप्ति दिनांक 14.08.2018 के अनुक्रम में सीधी भर्ती के लिए योग्य एवं पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित (Application Form)किये जाते है। रिक्त पदों का विवरण निम्न भाँति है:-

### (1) खेल कोटे के तहत् उत्कृष्ट खिलाड़ियों हेतु रिक्तियां:-

| पुरूष | महिला | योग |
|---|---|---|
| 10 | 3 | 13 |

**नोट:-**

**(i) योग्य महिला अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने पर महिला अभ्यर्थियों के पद पुरूष अभ्यर्थियों से भरे जायेगें।**

**(ii) विभाग के स्थाई आदेश संख्या 01/2018 दिनांक 20.07.2018 के परिशिष्ठ "अ" के बिन्दु संख्या-A (a) में अंकितानुसार प्रमाण पत्र प्राप्तकर्ता ही आवेदन हेतु पात्र होगें।**

विज्ञापित रिक्तियों में राजस्थान राज्य के उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए 2% आरक्षण क्षैतिज(Horizontal) रूप में माना जायेगा, और इसका समायोजन पूर्व में विज्ञापित पदों में संबंधित प्रवर्ग में किया जायेगा जिससे खिलाड़ी सम्बद्ध है। इस आरिक्षत पद हेतु पात्र व उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने पर इस पद को नियमानुसार सामान्य प्रक्रिया से भरा जायेगा, और ऐसी रिक्ति पश्चातवर्ती वर्ष के लिए अग्रेषित नहीं की जाएगी।

उत्कृष्ट खिलाड़ी के पद पर भर्ती हेतु महानिदेशक कारागार द्वारा पृथक से बोर्ड गठित किया जायेगा। जो इन अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों का परीक्षण करेगा तथा उनकी खेल से संबंधित दक्षता परीक्षा लेगा।

खेल कोटे में चयनित अभ्यर्थी का नाम उसे आवंटित मण्डल की चयन सूची में सामान्य प्रहरी के नीचे होगा तथा ऐसे अभ्यर्थी को महानिदेशक एवं महानिरीक्षक कारागार राजस्थान, प्रशिक्षण/अभ्यास/प्रतियोगिता हेतु किसी भी स्थान पर भेज सकेगें।

***(2) आवेदन प्रकिया:-***

***(A)*** यह आवेदन पत्र महानिरीक्षक कारागार, जयपुर को संबोधित करते हुए दिनांक 23.01.2019 को सांय 5.00 बजे तक रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा या व्यक्तिशः महानिदेशालय कारागार, राजस्थान घाटगेट, जयपुर में भिजवाये जा सकते है, या जमा कराये जा सकते है। इसके पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किये जायेगें। आवेदन पत्र के लिफाफे पर प्रहरी पद पर खेल कोटे हेतु आवेदन पत्र अंकित किया होना चाहिए।

***(B)*** इस कार्यालय की विज्ञप्ति कमांक 30072 दिनांक 14.08.2018 के अन्तर्गत पूर्व में आवेदित अभ्यर्थियों को पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। पूर्व में मण्डलवार आवेदित आवेदन पत्रों पर भर्ती प्रक्रिया मण्डलवार न की जाकर राज्य स्तर पर की जावेगी। यदि मण्डलवार आवेदित कोई अभ्यर्थी राज्य स्तरीय भर्ती हेतु सहमत नहीं है तो वे अपना आवेदन शुल्क वापस ले सकते है। इस हेतु दिनांक 17.01.2019 तक महानिरीक्षक कारागार राजस्थान, जयपुर को आवेदन कर सकते है। इसके पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें।

***(C)*** भर्ती हेतु योग्यता एवं पात्रता भर्ती प्रक्रिया इत्यादि का विस्तृत विवरण कारागार मुख्यालय के स्थाई आदेश संख्या 01/2018 के परिशिष्ठ "अ" एवं संशोधित स्थाई आदेश 01/2018 दिनांक 11.01.2019 में वर्णित है। यह स्थाई आदेश राजस्थान कारागार विभाग की वेबसाईट www.home.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी विवाद की स्थिति में स्थाई आदेश संख्या 01/2018

दिनांक 20.07.2018 के परिशिष्ठ "अ" एवं संशोधित स्थाई आदेश 01/2018 दिनांक 11.01.2019 में वर्णित प्रावधानों को अन्तिम माना जावेगा।

**(D)** आवेदन पत्र का प्रारूप राजस्थान कारागार विभाग की वेबसाईट www.home.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी उक्त वेबसाईड से आवेदन पत्र डाउनलोड कर उसे स्वंय की हस्तलिपि में पूर्ण रूप से भर कर एवं निर्धारित शुल्क का भारतीय पोस्टल आर्डर महानिरीक्षक कारागार राजस्थान, जयपुर को सम्बोधित करते हुए संलग्न कर नियत तिथि तक विज्ञप्ति के बिन्दु संख्या-2(A) में उल्लेखित प्रकिया के अनुसार जमा करा सकते है।

***(3) चयन प्रकिया:-*** अभ्यर्थियों का चयन उनके द्वारा प्रस्तुत किये हुए प्रमाण पत्र के अंको एवं खेल प्रदर्शन में प्राप्त अंकों के आधार पर मैरिट के अनुसार विभाग में उपलब्ध रिक्तियों के अनुसार किया जाकर मण्डल विभाग स्तर पर आवंटित किया जायेंगा। और चयनित अभ्यर्थियों को राजस्थान की किसी भी मण्डल में कारागार पर पदस्थापित किया जा सकेंगा।

***(4) अन्य प्रावधान एवं शर्ते:-*** अन्य प्रावधान एवं शर्ते इस कार्यालय की विज्ञप्ति कमांक स्था./एच.ओ./2/प्रहरी भर्ती/2018/ 30072 दिनांक 14.08.2018 के बिन्दु संख्या 3,4,5,6,7,8,10 एवं 11 के अनुसार ही रहेगें, जो विभाग की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

महानिरीक्षक कारागार
राजस्थान जयपुर
11/1/19

प्रपत्र "अ"

# राजस्थान कारागार विभाग में प्रहरी पद पर खेल कोटा के अन्तर्गत सीधी भर्ती हेतु आवेदन पत्र

| |
|---|
| स्व–सत्यापित अथवा राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएं |

सेवामें,
महानिरीक्षक कारागार
(मुख्यालय) राजस्थान,
घाटगेट, जयपुर

1. अभ्यर्थी का नाम (अंग्रेजी के बडे अक्षरों में) ..............................................................
   हिन्दी में ..............................................................
2. पिता का नाम ..............................................................
3. वर्तमान पता ..............................................................
   राज्य .................................... पिन ....................................
4. स्थाई पता ..............................................................
   राज्य .................................... पिन ....................................
5. (क) सम्पर्क टेलीफोन न. (मय एसटीडी कोड/मोबाईल न. ....................................
   (ख) ई–मेल (यदि हो तो) ..............................................................
6. जन्मतिथि (मैट्रिक/दसवीं अंकतालिका, प्रमाण पत्र के अनुसार) ..............................
   (मैट्रिक/दसवीं कक्षा उत्तीर्ण प्रमाण–पत्र की छाया प्रति संलग्न करें)
7. आयु (दिनांक 01.01.2019 को) ............... वर्ष ................. माह ................. दिन
8. लिंग (पुरूष/महिला) .................................. 9. राष्ट्रीयता ..................................
10. समुदाय (अजा/अजजा/अपिव/सामान्य) ..............................................................
    जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, की स्व सत्यापित फोटो प्रति तथा दो राजपत्रित अधिकारियों द्वारा जारी चरित्र प्रमाण–पत्र संलग्न करें)
11. व्यक्तिगत पहचान चिन्ह ..............................................................
12 शैक्षणिक योग्यता मय अंकतालिका (अंकपत्रों/प्रमाण–पत्रों की स्व–सत्यापित प्रतियां संलग्न करें) ..............................................................

13. विवाहित / अविवाहित ............................ (विवाहित होने की स्थिति में उत्पन्न संतानों की संख्या ..............................................................................................................

14. ऊँचाई (से.मी) ..............................................................................................................

15. सीने की माप (केवल पुरूष के लिए) फुलाने पर ............ सेमी. एवं बिना फुलाए ........ सेमी.

16. (क) खेल .............................................. (ख) (Event)/Category .....................................

17.. संक्षिप्त में खेल उपलब्धियां (विज्ञप्ति जारी होने की तिथि से 3 वर्ष से ज्यादा पुरानी नहीं होनी चाहिए) ..............................................................................................

18. संलग्न भारतीय पोस्टल ऑॅर्डर का ब्यौरा :– डाकघर का नाम ............................................
तिथि ................................... राशि ......................................................

19. आवेदक का आपराधिक विवरण (यदि कोई हो तो)

| | | |
|---|---|---|
| 1. क्या आवेदक के विरूद्ध कोई आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हुआ है | हॉ | नहीं |
| 2. क्या आवेदक को किसी आपराधिक प्रकरण में चालान हुआ है | हॉ | नहीं |
| 3. क्या आवेदक को किसी आपराधिक प्रकरण में सजा मिली है | हॉ | नहीं |

नोटः– यदि उपरोक्त बिन्दु 1 से 3 में से किसी का उत्तर हॉ में हो तो अपराध क्रमांक, धारा, थाने का नाम, न्यायालय का नाम, अपराध / आरोप व सजा का संक्षिप्त विववरण कॉलम संख्या–4 में अंकित करें। उपरोक्त कॉलम में सकारात्मक तथ्य देने मात्र से आवेदन पत्र निरस्त नहीं होगा, परन्तु तथ्य छुपाने आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जाएगा।

4. मुकदमा न. ..................... थाना ..................... जिला................ अन्तर्गत धारा ..............
न्यायालय निर्णय दिनांक ............................. सजा / बरी / अन्य ..........................................

20. क्या आप पूर्व से ही भारत सरकार / राज्य सरकार / पब्लिक सेक्टर ऑरगेनाईजेशन में सेवारत है या नहीं ..............................................................................................
यदि हॉ तो विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करें।

घोषणा

मै एतद्द्वारा घोषणा करता / करती हूॅ कि मेरे द्वारा उपर वर्णित किया गया है वह मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य है। यदि कुछ गलत या असत्य पाया जाता है, तो आवेदन निरस्त हो जाएगा और यदि गलती का पता मेरे चयन के बाद चलता है, तो मेरी सेवा समाप्त कर दी जाएगी। मै राजस्थान कारागार विभाग में कही भी तैनात किये जाने का इच्छूक हूॅं।

बांये हाथ का अंगूठा

स्थान :– ..................................  ..............................................

दिनांक :– ..............................  अभ्यर्थी के पूर्ण हस्ताक्षर
(अंग्रेजी के बडे अक्षरों में ना हो)